उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या–1971/नि0 पुर्नस्थापना दिनांक 15 फरवरी 2006 व शासनादेश संख्या–404/XV-1/1(22)/2005 दिनांक 1 दिसम्बर 2005 के क्रम में मुझें यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय पशुपालन विभाग की पशुलोक स्थित संस्थाओं की पुर्नस्थापना योजनान्तर्गत उत्तरांचल पेयजल निगम द्वारा तैयार किये गये आगणन के क्रम में चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 में व्यय हेतु वित्तीय किश्त के रूप में रूपया 178.22 लाख (एक करोड अठहत्तर लाख बाईस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति चालू वित्तीय वर्ष में व्यय हेतु आपके निर्वतन पर प्रादिष्ट किये जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है। इस स्वीकृति के पश्चात के पश्चात चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 में उपलब्ध बजट प्राविधान के सापेक्ष शत प्रतिशत वित्तीय स्वीकृति जारी हो जायेगी।

1. आगणन में उल्लेखित दरों का विश्लेषण विभाग के अधीनक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों को जो दरें शिडयूल ऑफ रेट में स्वीकृत नही है अथवा बाजार भाव से ली गई है स्वीकृति में नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता का अनुमोदन आवश्यक होगा।
2. कार्य कराने से पूर्व विस्तृत आगणन/मानचित्र गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से प्राविधिक स्वीकृत प्राप्त करनी होगी, बिना प्राविधिक स्वीकृति के कार्य प्रारम्भ न किया जाये।
3. कार्य का उतना ही व्यय किया जाय जितना की स्वीकृत नार्म है स्वीकृत नार्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाये।

4. एक मुश्त प्राविधान में कार्य करने से पूर्व विस्तृत आगणन गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा।
5. कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकतायें तकनीकी दृष्टि से मध्य नजर रखते एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टियों के अनुरूप ही कार्य को सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित करें।

6. कार्य कराने से पूर्व स्थल की भली–भांति निरीक्षण उच्चाधिकारियों एवं भुगर्ववेत्ता के साथ आवश्य करा लें एवं निरीक्षण के पश्चात स्थल आवश्यकतानुसार निर्देशो तथा निरीक्षण टिप्पणी के अनुरूप ही कार्य किया जायेगा।
7. आगणन में जिन मदों हेतु जो राशि स्वीकृत की गई है उसी मद पर व्यय किया जा तथा एक मद की राशि दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जाये।
8. निर्माण सामग्री को प्रयोग में लाने से पूर्व किसी प्रयोगशाला से टैस्टिंग करा ली जाय तथा उपर्युक्त पाई जाने वाली सामग्री को प्रयोग में लाया जाये।
9. बजट मैनुअल मे निर्धारित प्रक्रिया के अधीन कोषागार द्वारा प्रमाणित बाउचर संख्या एवं दिनांक के आधार पर अंकित बजट की सीमा मे प्रतिमाह 5 तारीख तक प्रपत्र बी0एम0–13 पर विभागध्यक्ष द्वारा सूचना वित्त विभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाये।
10. स्वीकृत निर्माण कार्यो को तत्काल प्रारम्भ किया जाये ताकि आगणनों को पुनरीक्षित करने की आवश्यकता न पडे निर्माण कार्य विलम्ब से प्रारम्भ करने के परिणामस्वरूप लागत में वृद्वि होती है तो शासन स्तर से आगणनों को पुनरीक्षीत नही किया जायेगा। निर्माण कार्यो की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति नियमित रूप से शासन को उपलब्ध करायी जायें।
11. उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 के अनुदान संख्या–28 के अन्तर्गत के लेखाशीर्षक–4403–पशुपालन पर पूॅजीगत परिव्यय–00–106–अन्य पशुधन विकास आयोजनागत–00–03–पशुपालन विभाग की पशुलोक स्थित संस्थाओं की पुर्नस्थापना 24–वृहद निर्माण के नामे डाला जायेगा।
12. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या–448/वित्त अनु0–4/05 दिनांक 24 फरवरी, 2006 के क्रम में उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(दमयन्ती दोहरे)
अपर सचिव।

संख्या–171/XV-1/1(22)/2005-तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित ।

महालेखाकार, उत्तरांचल सहारनपुर रोड देहरादून।

1. निदेशक, कोषागार पेन्शन एवं वित्त सेवाये उत्तरांचल देहरादून।
2. समस्त जिलाधिकारी उत्तरांचल।
3. वरिष्ठ कोषाधिकारी देहरादून/उप कोषाधिकारी, ऋषिकेश।
4. प्रमुख सचिव एवं आयुक्त वन एवं ग्राम्य विकास उत्तरांचल।
5. निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
6. निजी सचिव, मुख्यमंत्री को मा0 मुख्यमंत्री जी के सज्ञानार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
7. वित्त अनुभाग–4/3
8. बजट राजकोषीय नियोजन व संसाधन निदेशालय, सचिवालय देहरादून।
9. आयुक्त गढवाल मण्डल पौडी कुमायूॅ मण्डल नैनीताल।
10. परियोजना प्रबन्धक यूनिट–3 (निर्माण विंग) उत्तरांचल पेयजल निगम, 281 पोखरियाल भवन देहरादून रोड ऋषिकेश।

11. गार्ड फाईल।

आज्ञा से
(जे0पी0 जोशी)
उप सचिव।

प्रेषक,

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी,
देहरादून।

सेवा में,

परियोजना प्रबन्धक,
यूनिट–3 (निर्माण विंग),
उत्तरांचल पेयजल निगम,
281 पोखरियाल भवन,
देहरादून रोड ऋषिकेश।

पत्रांक : /लेखा/नि0बजट/पुर्नस्थापना/2005–06 दिनांक 13 दिसम्बर 2005,

विषय :– वित्तीय वर्ष 2005'–06 के लिए पशुपालन विभाग पशुलोक स्थित संस्थाओं की पुर्नस्थापना के अन्तर्गत पूजीगत मद में आय–व्ययक में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष बजट अवमुक्त किया जाना ।

महोदय,

शासन के आदेश संख्या–404/XV-1/1(22)/2005/ पशुपालन अनुभाग–1 देहरादून दिसम्बर 01, 2005 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2005–06 में पशुपालन विभाग की राज्य सैक्टर योजना के अन्तर्गत निम्न केन्द्रों के निर्माण कार्य हेतु आगणन के अनुसार रू0 2.00 करोड (रूपये दो करोड) मात्र की प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने पर निम्न संस्थाओं के भवन निर्माण कार्यो के लिए रू0 2'.00 करोड (रूपये दो करोड) मात्र की धनराशि आपको चैक संख्या–948923 दिनांक 12.12.2005 रू0 2,00,00,000.00 के द्वारा संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

इसके साथ ही उक्त शासनादेश/स्वीकृति आंगणनों की प्रति इस आशय से संलग्न कर प्रेषित की जा रही है कि कृपया शासनादेश में वर्णित शर्तो एंव आगणनों में दर्शायें गये कार्यो के अनुरूप अविलम्ब निमार्ण कार्य प्रारम्भ करवाने की कृपा करें ताकि प्रत्येक माह की 30/31 की तिथि तक वित्तीय/भौतिक प्रगति इस कार्यालय को उपलब्ध करवाने की कृपा करें। ताकि शासन को तद्नुसार प्रगति से अवगत करवाया जा सकें।

क0 सं0	**नाम संस्था का जहॉ निर्माण कार्य किया जाना है।**	**यूनिट–3 (निर्माण विंग) उत्तरांचल पेयजल निगम,ऋषिकेश को उपलब्ध करवायी जा रही धनराशि**	**शासनादेश संख्या/दिनांक**
1	पशुलोक प्रक्षेत्र हेतु	रू0 1.50 करोड	404/XV-1/1(22)/2005 दिनांक 1 दिसम्बर 2005
2	नरियाल गांव चम्पावत हेतु	रू0 0.35 करोड	
3	डुण्डा उत्तरकाशी हेतु	रू0 0.15 करोड	
	योग रू0 :–	**रू0 2.00 करोड**	

(रूपये दो करोड मात्र)

संलग्न :– चैक सं0–948923 दि0 12.12.05
रू0 2.00.00.000.00
शाशनादेश की छाया प्रति

भवदीय

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी,
देहरादून।

कार्यालय अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तरांचल गोपेश्वर–चमोली।
संख्या /नि0पुनर्स्थापना दिनांक दिसम्बर 3 2005,

सेवा में,

मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी,
देहरादून।

शासनादेश संख्या 404/XV-2/1(22)/2005 दिनांक 01 दिसम्बर 2005 (प्रतिलिपि संलग्न) रू0 2.00 करोड मात्र करोड की धनराशि इस कार्यालय को अवमुक्त की गई है। इस धनराशि को व्यय हेतु आवंटन आवंटित किया जाता है।

कृपया धनराशि का उपयोग शासनादेश में उल्लिखित नियमो एवं शर्तो के अनुसार किया जाय। इस सम्बन्ध मे होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 के आय व्ययक मे अनुदान संख्या 28 लेखा शीर्षक–4403–पशुपालन पर पूजीगत परिव्यय–00–106–अन्य पशुधन विकास आयोजनागत 03 पशुपालन विभाग की पशुलोक स्थित संस्थाओं की पुनर्स्थापना–24 वृहद निमार्ण कार्य के नामे डाला जायेगा।
संलग्न–उक्त शासनादेश।

(दमयन्ती दोहरे)
अपर निदेशक,

संख्या 1454/नि.सांख्यिकीय दिनांक उक्त

प्रतिलिपि उक्त शासनादेश की प्रतिलिपि सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यय कार्यवाही हेतु पेषित ।

1. वरिष्ठ कोषाधिकारी देहरादून।
2. लेखा शाखा, मुख्यालय।
3. उप निदेशक केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान पशुलोक–ऋषिकेश देहरादून।
4. मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उत्तरकाशी/चम्पावत।
5. महालेखाकार उत्तरांचल देहरादून।,
6. प्रतिलिपि प्रबन्ध निदेशक, उत्तरांचल पेयजल निगम देहरादून को इस आशय से कि उनके विभाग द्वारा गठित आगणनों के सापेक्ष उपरोक्त धनराशि उन्हे उपलब्ध कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इस धनराशि में से निम्न प्रकार कार्य तत्काल प्रारम्भ करने की कार्यवाही करें।

1. पशुलोक प्रक्षेत्र हेतु	–	रू0 1.50 करोड
2. नरियाल गांव चम्पावत हेतु	–	रू0 0.35 करोड
3. डुण्डा उत्तरकाशी हेतु	–	रू0 0.15 करोड
	कुल–	रू0 2.00 करोड

संलग्न– शासनादेश

(दमयन्ती दोहरे)
अपर निदेशक,

प्रेषक,

अपर निदेशक,
पशुपालन विभाग (उत्तरांचल),
गोपेश्वर–चमोली।

सेवा में,

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी
देहरादून।

संख्या /नि./पशुलोक प्रक्षेत्र/2005–06, दिनांक 6 मार्च 2006,

विषय :– पशुपालन विभाग की पशुलोक स्थित भूमि एम्स को दिये जाने के फलस्वरूप पशुपालन विभाग की वर्तमान योजनाओ के पुनर्स्थापना हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

शासनादेश संख्या 171/XV-1/1(22)/2005, दिनांक 02 मार्च 2006 (प्रतिलिपि संलग्न) द्वारा पशुलोक स्थित संस्थाओं की पुनर्स्थापना हेतु द्वितीय किस्त के रूप में रू0 178.22 लाख की धनराशि इस कार्यालय को अवमुक्त की गई है इस धनराशि को व्यय हेतु आपकों आवंटित किया जाता है।

कृपया धनराशि का व्यय एवं उपयोग शासनादेश में उल्लिखित नियमों शर्तो एवं प्रतिबन्धों को अनुपालन सुनिश्चित करते हुए तत्काल किया जाय।

इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 के आय–व्ययक में अनुदान संख्या–28 के लेखाशीर्षक–4403–पशुपालन पर पूँजीगत परिव्यय–00–106 अन्य पशुधन विकास आयोजनागत–00–03–पशुपालन विभाग की पशुलोक स्थित संस्थाओ की पुनर्स्थपना के मद संख्या–24 बृहद निर्माण के नामे डाला जायेगा।

संलग्न–शासनादेश।

भवदीय

(दमयन्ती दोहरे)
अपर निदेशक,

संख्या 2155 /नि./पशुलोक प्रक्षेत्र/2005–06 दिनांकित ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को उक्त शासनादेश की छाया प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
2. लेखा शाखा मुख्यालय।
3. मुख्य पशु चिकित्साधिकारी चम्पावत/उत्तरकाशी।

4. उप निदेशक केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान पशुलोक ऋषिकेश देहरादून।
5. महालेखाकर उत्तरांचल देहरादून।
6. प्रतिलिपि प्रबन्ध निदेशक उत्तरांचल पेयजल निगम देहरादून को इस आशय से कि उनके विभाग द्वारा गठित आगणनों के सापेक्ष उपरोक्त धनराशि द्वितीय किस्त के रूप में उन्हे उपलब्ध कराई जा रही है इस धनराशि में से सापेक्ष उपरोक्त धनराशि द्वितीय किस्त के रूप में उन्हें उपलब्ध कराई जा रही है इस धनराशि में से निम्न प्रकार पूर्व से प्रारम्भ कार्य को तत्काल सम्पन्न करें।

1.	पशुलोक प्रक्षेत्र में रूकी हुई संस्थाओं हेतु	–	रू0 64.83 लाख
2.	अश्व अनुभाग नरियालगांव चम्पावत हेतु	–	रू0 104.75 लाख
3.	ऊन प्रयोगशाला डुण्डा उत्तरकाशी हेतु	–	रू0 8.64 लाख
		कुल योग –	**रू0 178.22 लाख**

संलग्न– शासनादेश।

(दमयन्ती दोहरे)
अपर निदेशक

पंजीकृत

प्रेषक,

उपनिदेशक,
पशुपालन विभाग,
केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान केन्द्र,
पशुलोक ऋषिकेश देहरादून।

सेवा में,

परियोजना प्रबन्धक,
निर्माण विंग उत्तरांचल पेयजल निगम,
ऋषिकेश।

पत्र सं0 6723 /बैक ड्राफट/चैक/ दिनांक 22.3.06,

महोदय,

आपके पक्ष में एक सरकारी बैक ड्राफट बैंक सं0 UA1969358 दिनांक 18.3.06 अंकन रूपये 590000.00 रूपये पांच लाख नब्बे हजार मात्र, संलग्न करते हुए अनुरोध निम्नलिखित विवरण के अनुसार सम्बन्धित का`इसका भुगतान करा देने एवं विभागीय रसीद/वास्तविक टिकट खुद रसीद इस कार्यालय को शीघ्र भेजने का कष्ट करें ताकि कार्यालय अभिलेखों को पूर्ण किया जा सकें।

भुगतान प्राप्त कर्ता का नाम	**विवरण**	**धनराशि**
उत्तरांचल पेयजल निगम	शासनादेश सं. 743रुXV/1/2(75)106 दि0 18. 2.06	5.90000.00
	योग :–	**5.90000.00**

संलग्न :– सरकारी बैक ड्राफट/बैंक

संख्या UA1969358
दिनांक 18.3.06
रूपये 5.90000.00

भवदीय
(डा0 रामानन्द)

उपनिदेशक,
पशुलोक।

प्रेषक,

अपर निदेशक,
पशुपालन विभाग (उत्तरांचल),
गोपेश्वर–चमोली।

सेवा में,

उप निदेशक,
केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान,
पशुलोक–ऋषिकेश (देहरादून)।

संख्या 2058 /नि./पशु.पुनर्स्थाना/2005–06 दिनांक 22 फरवरी 2006,

विषय :– स्थान पशुलोक में स्व0 मीराबेन की मूर्ति की स्थापना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 743/XV-1/2(75)/2006 दिनांक 18 फरवरी 2006 प्रतिलिपि संलग्न द्वारा स्थान पशुलोक में स्व. मीरा बेन की मूर्ति की स्थापना हेतु रू0 5.90 का बजट आवंटन/वित्तीय स्वीकृति राज्य आकस्मिकता निधि से प्रदान की गयी है। को व्यय हेतु आपके निर्वतन पर प्रदिष्ट किया जाता है।

कृपया आवंटित धनराशि रू0 5.90 लाख का अग्रिम आहरण संलग्न शासनादेश में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों का अनुपालन करते हुए सुनिश्चित किया जाय। उक्त धनराशि का व्यय प्रथमतः लेखाशीर्षक–8000–आकस्मिकता निधि–राज्य आकस्मिकता निधि–लेखा–201–समिकित निधि के विनियोंग तथा अंततः अनुदान संख्या–28 के लेखाशीर्षक–2403–पशुपालन–00–आयोजनागत–106–अन्य पशुधन विकास–9103–पशुलोक में स्व. मीरा बेन की मूर्ति की स्थापना–42–अन्य व्यय के नामे डाला जोयगा।

संलग्न– उक्तानुसार।

भवदीय

(दमयन्ती दोहरे)
अपर निदेशक।

संख्या /नि./पशु. पुनर्स्थापना/05–06 दिनांकित :–

प्रतिलिपि उक्त शासनादेश की छाया प्रति संलग्न करते हुए निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
2. महालेखाकार, उत्तराचल माजरा देहरादून।
3. लेखा शाखा मुख्यालय।
4. अपर सचिव, उत्तरांचल शासन, पशुधन अनुभाग, सचिवालय–देहरादून।
5. सचिव, उत्तरांचल शासन पशुधन अनुभाग सचिवालय देहरादून।

संलग्न–शासनादेश।

(दमयन्ती दोहरे)

अपर निदेशक।

आयोजनागत योजना 2005–06
संख्या– 743/XV-1/2(75)/2006

प्रेषक,

नवीन चन्द्र शर्मा,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

अपर निदेशक,
पशुपालन विभाग,
गोपेश्वर–चमोली।

पशुपालन अनुभाग–1 देहरादूनः दिनांक 18 फरवरी 2006,

विषय :– स्थान पशुलोक में स्व0 मीरा बेन की मूर्ति की स्थापना।महोदय,

उपरोक्त विषय के क्रम में अवगत कराना है कि शासन स्तर पर पशुलोक में स्व0 मीरा बेन की मूर्ति की स्थापना करने का निर्णय लिया है परन्तु चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 के आय व्ययक में बजट प्रावधान उपलब्ध न होने के कारण तथा व्यय अपरिहार्य होने के कारण श्री राज्यपाल महोदय स्थान पशुलोक में स्व0 मीरा बेन की मूर्ति की स्थापना हेतु परियोजना प्रबन्धक निर्माण विंग उत्तरांचल पेयजल निगम ऋषिकेश उत्तरांचल द्वारा गठित आगणन के सापेक्ष औचित्यपूर्ण धनराशि रूपया 5.90 लाख (रूपया पांच लाख नब्बे हजार मात्र) की राज्य आकस्मिकता निधि से अग्रिम के रूप से अहरित कर चालू वित्तीय वर्ष 2005–06 हेतु व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

1. धनराशि को व्यय किये जाने से पूर्व जहां कही आवश्यकता हो सक्षम अधिकारी की स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये।
2. बजट मैनुअल में निर्धारित प्रकिया के अधीन कोषागार द्वारा प्रमाणित बाउचर संख्या एवं दिनांक के आधार पर अंकित बजट की सीमा में प्रतिमाह 5 तारीख तक प्रपत्र वी0एम0–13 पर विभागाध्यक्ष द्वारा सूचना वित्त विभाग को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाये।
3. इस सम्बन्ध मं स्पष्ट किया जाता है कि अतिरिक्त अनुदान की प्रत्याशा में अनाधिकृत रूप से व्यय न किया जाय। धनराशि का व्यय एवं आहरण आवश्यकतानुसार ही किया जाय तथा राज्य आकस्मिकता निधि से स्वीकृत धनराशि का समायोजन यथा समय कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।
4. उक्त धनराशि का व्यय प्रथमतः लेखाशीर्षक–8000–आकस्मिकता निधि–राज्य आकस्मिकता निधि–लेखा–201–समिकित निधि के विनियोग तथा अतंतः अनुदान संख्या–28 के लेखाशीर्षक–2403–पशुपालन–00–आयोजनागत–106–अन्य पशुधन विकास–9103–पशुलोक में स्व0 मीरा बेन की मूर्ति की स्थापना–42 अन्य व्यय के नाम डाला जायेगा।

भवदीय

(नवीन चन्द्र शर्मा)
सचिव।

वित्त विभाग

स0आ0नि0संख्या :–100/वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–4/2000–तद्दिनांक

प्रतिलिपि प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी प्रथम) उत्तरांचल इलाहबाद को एक अतिरिक्त प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से

(अर्जुन सिहं)
अपर सचिव, वित्त।

संख्या – 743(1)/XV-1/2(75)/2005- तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार उत्तरांचल।
2. उप निदेशक केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान पशुलोक ऋषिकेश देहरादून।
3. मुख्य पशुचिकित्साधिकारी देहरादून।
4. जिलाधिकारी देहरादून।
5. वरिष्ठ कोषाधिकारी देहरादून।
6. बजट राजकोषिय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय सचिवालय देहरादून।
7. प्रमुख सचिव एंव आयुंक्त वन एवं ग्राम्य विकास शाखा देहरादून।
8. आयुक्त गढवाल मण्डल पौडी/कुमॉयू मण्डल नैनीताल।
9. निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
10. निजी सचिव, मुख्य मंत्री जी को मा0 मुख्यमंत्री जी के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
11. वित्त अनुभाग–4/नियोजन अनुभाग।
12. परियोजना प्रबन्धक यूनिट–3 निर्माण विंग, उत्तरांचल पेयजल निगम ऋषिकेश।
13. गार्ड फाईल ।

आज्ञा से
(दमयन्ती दोहरे)
अपर सचिव।

उत्तराखण्ड पशुधन प्रजनन नीति – 2005

प्रस्तावना :–

1.1 उत्तराखण्ड राज्य का उदय देश के 27 वे राज्य के रूप में 9 नवम्बर 2000 को हुआ । इसके गठन के मूल मे यह अवधारणा थी कि राज्य की आर्थिक वृद्वि की दर को उचित प्रशासकीय तकनीकी एवं जनसहभागी तंत्र के विकास द्वारा गति प्रदान की जाय। यह प्रदेश भारत के सबसे छोटे राज्यों में से एक है और गाय, भैस, भेड, बकरी, सूअर, घोडे, खच्चर तथा मुर्गी–कुक्कुट जैसे पशुधन से सम्पन्न है।

1.2 वर्ष 2003 की पशुधन गणना के अनुसार राज्य में 21.88 लाख गाय, 12.28 लाख भैस, 11.58 लाख बकरियां 2.96 लाख भेड एवं 19.84 लाख मुर्गी/कुक्कुट थे। उत्तरांचल मे संकर गायो की सख्या 2.28 लाख है जो कुल संख्या का मात्र 10.42 प्रतिशत ही है। प्रजनन योग्य मादा गायों की संख्या वर्ष 2003 में 7.58 लाख थी जिनमें 6.51 लाख देसी और अज्ञातकुल तथा 1.07 लाख संकरित थी। प्रदेश में प्रजनन योग्य मादा भैसे लगभग 7.37 लाख है। राज्य में प्रति गाय प्रति दिन औसत दुग्ध उत्पादन 1.75 कि.ग्रा.एवं प्रति भैस औसत दैनिक दुग्ध उत्पादन 2.97 कि.ग्रा. है। इसके सापेक्ष राष्ट्रीय औसत–गाय 1.72 कि.ग्रा. एवं भैस 2.77 कि.ग्रा. है।

1.3 इस तरह उत्तराचल राज्य में पशुधन की विभिन्न प्रजातियों की संख्या सबंधी प्राथमिक/बुनियादी आकडे उपलब्ध है और विभिन्न कृषि वर्गो में पशुधन के वितरण तथा आजीविका में पशुधन की प्रासंगिता पशुधन उत्पादन मात्रा तथा मूल्य एव पशुधन का राज्य की आर्थिक स्थिति (सकल घरेलू उत्पाद) में महत्वर्पूण योगदान है।

1.4 राज्य में भूमि उपयोग का परीका (बनों तथा पहाडी भूभाग की अधिकता के कारण कृषि भूमि का सीमीत होना) अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राकृतिक पशुचारित भूमि की पर्याप्तता अनुकूल जलवायु आदि कारक उत्तरांचल में पशुधन उत्पादन के अपार अवसर उत्पन्न करते है।

1.5 दूध अण्डा कुक्कुट मांस एवं अन्य पशुजन्य भोज्य पदार्थो के उत्पादन में वृद्वि करने मानव आहार में पशुजन्य प्रोटीन की मात्रा में अभिवृद्वि करने पशु जैविक संरक्षण का प्रोत्साहित करने और पशुधन एवं कुक्कुट की स्थानीय नस्लों के संरक्षण के साथ–साथ संकर,पजनन को कम उत्पादक पशुओं तक सीमित रखने पशुओं के संचारी रोगो एवं जीवाणुओं/विषाणओं के नियन्त्रण व उन्नमूलन तथा पशुओं के भरण पोषण और उत्पादन में वृद्वि हेतु पशु आहार तथा चारा स्रोतो में बढोत्तरी करने के साथ–साथ पशु पालकों को रोजगार/स्वरोजगार के साधन उपलब्ध करवाकर उनकी आय में वृद्वि हेतु एक वृहद पशु प्रजनन नीति की आवश्यकता है।

1.6 यह नीति प्रस्तावित राष्ट्रीय प्रजनन नीति उत्तरांचल कृषि नीति में समाहित पशुधन प्रजनन नीति के महत्वपूर्ण बिन्दुओं एवं पशु प्रजनन नीति के सलाहकार डा0 एम0जी0पी0 कुरूप की अध्ययन रिपोर्ट और स्थानिय/क्षेत्रीय अनुभवों के आधार पर तैयार कर गई है।

2. प्रस्तावित उत्तराखण्ड पशुधन प्रजनन नीति की परिकल्पना :–

2.1 पशुपालन को प्रदेश में स्वरोजगार एवं अर्थव्यवस्था का एक मुख्य आधार बनाकर राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जी0डी0पी0) में वृद्वि करना।

2.2 पशुपालको को उन्नत नस्ल एवं उत्तम गुणवत्ता के पशु उपलब्ध कराना।

2.3 पशु नस्ल सुधार हेतु विभिन्न पशु प्रजनन विधाओं (कृत्रिम गर्भाधान/नैसर्गिक अभिजनन/भ्रूण प्रत्यारोपण) के माध्यम से चरणबद्व रूप से वर्तमान 24 प्रतिशत से बढाकर वर्ष 2015 के अन्त तक शत–प्रतिशत प्रजनन योग्य पशुओं को संगठित पशु प्रजनन कार्यक्रम से आच्छादित करके पशुधन प्रजनन की सुविधा पशुपालक के द्वार पर उपलब्ध कराना।

2.4 दूध, अण्डा, कुक्कुट, मांस एवं अन्य पशुजन्य भोज्य पदार्थो के उत्पादन में वृद्वि करके प्रति व्यक्ति आय में बढोत्तरी करना।

2.5 पशुधन विकास कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी में बढोत्तरी करना।

1. लक्ष्य एंव उद्देश्य :–

3.1 पशुपालन को प्रदेश मे स्वरोजगार एवं अर्थव्यवस्था का एक मुख्य आधार बनाना।

3.2 पशुपालकों को उन्नत नस्ल एवं उत्तम गुणवत्ता के पशु उपलब्ध करवाकर उनकी आय में वृद्वि करना और उन्हे रोजगार/स्वरोजगार के संसाधन सुलभ कराना।

3.3 पशुओं के अनुवांशिक गुणों में वृद्वि करना तथा पशुधन की स्थानीय नस्लो को संक्षिप्त/सुरक्षित रखने के लिए पशुपालकों को प्रोत्साहित करना।

3.4 दूध, अंण्डा, कुक्कुट, मांस एवं अन्य पशुजन्य भोज्य पदार्थो के उत्पादन में वृद्वि करना तथा मानव आहार में पशुजन्य प्रोटिन की मात्रा में वृद्वि करना।

3.5 पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि कार्य/भारवाहन हेतु पर्याप्त मात्रा में हस्ट–पुष्ट बैलों की नियमित आपूर्ति का सृजन सूनिश्चित करना।

3.6 मैदानी क्षेत्र को डेयरी उघम से आच्छादित करने हेतु उच्च दूग्ध उत्पादन शीघ्र परिपक्वता कम इंटर काविंग अवधि और उच्च जनन क्षमता से युक्त इंटर सि मेटिंग हाफब्रेड दुधारू पशुओं की संख्या में अभिवृद्वि करना।

3.7 ज्ञात कुल की गोवंशीय दशी नस्लों (रेड सिन्धी साहीवाल तथा हरयाणा आदि) जिनकी संख्या राज्य में अत्यंन्त कम है (2003 की पशुगणना के अनुसार कुल प्रजनन योग्य शुद्व मादा हरियाणा नस्ल 5178 शुद्व मादा साहीवाल नस्ल 3957 एवं शुद्व मादा रेड सिन्धी नस्ल 1499– कुल 10643) के लिये उसी नस्ल के शुद्व सांडो का वीर्य उपलब्ध करवाकर इन प्रजातियों का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करना।

3.8 उत्तम ऊन विकास के लिए प्रयास करने के साथ ही गुणवत्तायुक्त ऊन एवं कालीन (कारपेट) ऊन के उत्पादन में वृद्वि लाना।

3.9 विघमान अवस्थापना यथा– पशुचिकित्सालयों टीका एवं नैदानिक उत्पादन की इकाईयों वीर्य उत्पादन केन्द्रों तथा कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों गौशालाओं पशुधन तथा कुक्कुट प्रजनन प्रक्षेत्रों के प्रभावी उपयोग हेतु उनका पुर्नसुदृढीकरण/आधुनिकीकरण करना।

3.10 प्राइवेट सेक्टर सहकारिताओं तथा गैर सरकारी संगठनों को आवश्यक निवेशों तथा सेवाओं के लिये प्रोत्साहित करना।

3.11 पशुधन विकास कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी में बढोत्तरी तथा ग्रामीण पशुपालकों को पोषण समर्थन एवं उनकी पूरक आय मे वृद्वि करना तथा उनके लिए ग्रामीण परिवेश में रोजगार के सांधन उत्पन्न/सृजित करना।

3.12 पशुओं के भरण पोषण तथा उत्पादन मे वृद्वि के लिए पशु आहार तथा चारा स्रोतो में बढोत्तरी करना और उनके लिए सस्ता पशुआहार विकसित करना।

4. प्रस्तावित पशुधन प्रजनन नीति :–

4.1 गौ एवं महिषवंशीय पश :

4.1.1 पर्वतीय क्षेत्र मे बैल कृषि की रीड है। इसलिए कृषि कार्य/भारवाहक पशु उत्पादन हेतु 1500 मी0 से अधिक ऊचॉई वाले क्षेत्रों में संस्तुत पशुप्रजनन नीति पर्वतीय क्षेत्र के अज्ञात कुल गोवंशीय पशुओं में से चयनित अभिजनन (Selective Breeding) की होनी चाहिये।

4.1.2 पर्वतीय जनपदों में दुधारू पशुओं के लिये यह नीति अपनाई जाय कि स्थानीय अवर्गीकृत देशी गाय के प्रजनन/उन्नयन हेतु जर्सी के साथ क्रासब्रीडिंग तत्पश्चात एफ 1

हाफ ब्रेड का परस्पर समागम(Inter Se Mating) जर्सी X साहिवाल अथवा जर्सी X रेड सिंधी के साथ कराया जाये, जिससे (Exotic blood level)को 50 प्रतिशत तक सीमित किया जा सकें।

4.1.3 मैदानी क्षेत्रों में दुधारू पशुओं के लिये यह नीति होनी चाहिए कि अज्ञात कुल के स्थानीय अवर्गीकृत (Non Descript) देशी गाय के प्रजनन हेतु एच.एफ. से क्रास ब्रीडिंग और इसके बाद हाफ ब्रेड (एच0एफ0 X साहीवाल/एच0एफ0 X रेड सिन्धी/एच0एफ0 X थारपारकर) का परस्पर सभागम (Inter Se Mating) कराया जाये जिससे (Exotic blood level) को 50 प्रतिशत तक सीमित किया जा सकें।

4.1.4 भैसो के लिये सम्पूर्ण राज्य में शुद्व मुर्रा नस्ल के साथ उन्नयन (Upgrading) किये जाने की सार्वभौमिक नीति अपनाई जानी चाहिए।

4.1.5 परस्पर समागम Inter Se Mating के लिये प्रयुक्त होने वाले सभी संग्रह क्रासबेड (50:50) हो तथा भैस के प्रजनन हेतु अनुवांशिक आधार पर मूल्यांकित भैसा सांड हों।

4.1.6 ज्ञात कुल की गौवंशीय देशी नस्लों (रेड सिंधी साहीवाल तथा हरियाणा) के लिये उसी नस्ल के शुद्व सांडों का वीर्य उपलब्ध कराकर इन प्रजातियों का संरक्षण तथा संर्वधन सुनिश्चित किया जाना है।

4.1.7 उत्तरांचल में पशुधन की स्थानीय प्रजातियों यथा–तराई नस्ल की भैस के संरक्षण एंव संवर्धन के लिये विशेष प्रयास करने है।,

4.1.8 संक्षेप में गौवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं की प्रजनन नीति का नियोजन निम्नवत किये जाने की संस्तुति की जाति है।

क0सं0	जोन का नाम	प्रजनन नीति	विवरण
1.	**जोन ए : 1000 मी0** ऊचॉई तक – ट्रॉपिकल जोन मैदान तराई भावर शिवालिक हिल एवं घाटियॉ।	**गाय :** 1. स्थानीय अवर्गीकृत गाय का शुद्व होल्स्टीन फ्रीजियन के साथ संकरण। 2. एफ 1 के साथ (होल्टीन फ्रीजियन x साहीवाल/होल्स्टीन x थारपारकर) का परस्पर समागम 3. ज्ञात कुल की देशी शुद्व नस्लों (रेड सिन्धी साहीवाल एवं हरियाणा) का उसी नस्ल के शुद्व सांड के वीर्य से संकरण/उन्नयन **भैस :–**	क. जर्सी नस्ल चुनने वाले को जर्सी एवं क्रासबेड जर्सी वीर्य उपलब्ध कराया जायेगा। ख. ज्ञात कुल की शुद्व देसी नस्ल की गायों का संकरण उसी नस्ल के शुद्व सांड के वीर्य से किया जोयगा।

		शुद्व मुर्रा वीर्य से अपग्रेडिंग	राज्य भर में भैस हेतु सार्वभौमिक नीति
2.	**जोन बी :– 1000 से 1500 मी0** ऊचाई तक सबट्रॉपिकल जोन	**गाय :–** 1. शुद्व जर्सी नस्ल से स्थानीय अवर्गीकृत (Non Descript)गाय का संस्करण । 2. एफ के साथ (जर्सी x साहीवाल/जर्सी x रेड सिन्धी) का परस्पर समागम । 3. ज्ञात कुल की देशी शुद्व नस्लों (रेड सिन्धी साहीवाल एवं हरियाणवी) का उसी नस्ल के शुद्व सांड के वीर्य से संकरण/उन्नयन।	क. होल्स्टीन फ्रीजियन नस्ल चाहने वाले को होल्स्टीन फ्रीजियन एवं क्रासब्रीड होल्स्टीन फ्रीजियन का वीर्य उपलब्ध कराया जायेगा। ख. ज्ञात कुल की शुद्व देशी नस्ल की गायों का संकरण उसी नस्ल के शुद्व सांड के वीर्य से किया जायेगा।
		भैस :– शुद्व मुर्रा वीर्य से अपग्रेडिंग	राज्य भर में भैस हेतु सार्वभौमिक नीति
3.	**जोन सी : 1500, 2400 मी0** ऊचाई तक कूल टेम्परेट जोन	**गाय :–** **1.** स्थानीय अवर्गीकृत (Non Descript गाय से चयनित प्रजनन । **2.** ज्ञात कुल की देशी शुद्व नस्लों (रेड सिन्धी साहीवाल एवं हरियाणा) का उसी नस्ल के शुद्व सांड के वीर्य से संकरण ।	क. जर्सी नस्ल चुनने वाले को जर्सी एवं क्रासबेड जर्सी वीर्य उपलब्ध कराया जायेगा। ख. ज्ञात कुल की शुद्व देसी नस्ल की गायों का संकरण उसी नस्ल के शुद्व सांड के वीर्य से किया जायेगा।
		भैस :– शुद्व मुर्रा वीर्य से अपग्रेडिंग	राज्य भर में भैस हेतु सार्वभौमिक नीति
4.	**जोन डी : 2400, मी0** ऊचाई से अधिक–सबएल्पाइन एवं	**गाय :–** स्थानीय अवर्गीकृत (Non Descript) गाय	जर्सी नस्ल चुनने वाले को जर्सी एवं क्रासबेड जर्सी वीर्य उपलब्ध कराया

	एल्पाइन जोन	में चयनित प्रजनन (Selective Breeding)	जायेगा।
		भैस :– शुद्व मुर्रा वीर्य से अपग्रेडिंग	राज्य भर में भैस हेतु सार्वभौमिक नीति

नोट :–1. वे क्षेत्र जहॉ कृत्रिम गर्भाधान प्रस्तावित/प्रचलित नही है प्रजनन नीति के लिए गाय/भैसों में नैसर्गिक अभिजनन हेतु गाय/भैस सांड का उपयोग होगा।

4.2 भेड बकरी एंव अंगोरा शशक प्रजनन नीति :–

4.2.1 उत्तरांचल मे भेडों की कुल जनसंख्या का एक तिहाई संकर नस्ल की भेडे है जिन्हे मैरीनो/रैम्बुले नस्ल के शुद्व वंशीय मेढों से संकर प्रजनन (Cross Breeding) कराते हुये नस्ल का Upgradatiion किया जाना है।

4.2.2 शुद्व स्थानीय नस्ल (गद्दी रामपुर बुशायर काली भेड) के मध्य उन्नत गुणवत्ता वाले मेढों को चयनित करते हुये चयनित प्रजनन पद्वति Setective Breeding अपनायी जायेगी।

4.2.3 बकरी प्रजनन नीति के अन्तर्गत स्थानीय नस्ल के मध्य चयनित प्रजनन Setective Breeding किया जायेगा।

4.2.4 शशक प्रजनन नीति के अन्तर्गत अंगोरा जर्मन शशकों के मध्य चयनित प्रजनन Setective Breeding किया जायेगा।

4.3 सूकर प्रजनन नीति :–

4.3.1 पशुगणना 2003 के अनुसार प्रदेश में सूकरों की कुल संख्या 32712 है। पर्वतीय क्षेत्र में सूकर पालन की सामाजिक स्वीकृति प्राप्त नही है, यघपि प्रदेश में इसके विकास की अपार सम्भावाए है।

4.3.2 सूकर प्रजनन नीति के लिए चयनित विदेशी ब्रीड–याक शायर/लार्ज व्हाइट याक शायर (दोनो प्रजातियां भारत में उपलब्ध है) के साथ नैसर्गिक अभिजनन द्वारा अपग्रडिंग की जायेगी।

4.4 भार वाहक पशुप्रजनन नीति :–

4.4.1 पैक एनिमल (घोडे खच्चर गधे) की प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में व्यापक मांग एवं आवश्यकताओं को देखते हुए पशुपालकों को उनके प्रजनन हेतु राष्ट्रीय स्तर से संस्थानों मिलिट्री फार्म आदि के सहयोग से नैसर्गिक अभिजनन के साथ–साथ कृत्रिम गर्भाधान

की भी सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी जिससे उत्तम गुणवत्ता के घोउे खच्चर एवं गधो का उत्पादन एवं प्रजनन किया जा सके।

4.5 **याक :–**

4.5.1 याक पशुओं हेतु राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों एवं अन्य पर्वतीय राज्यों से उत्तम गुणवत्ता के याक सांउो की आपूर्ति करके उनके प्रजनन की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

4.6 कुक्कुट प्रजनन नीति :–

4.6.1 कॉमर्शियल हाईब्रिड पोल्ट्री का प्रजनन पोल्ट्री उधोग के लिए सर्वोत्तम है क्योकि उनके पास इस हेतु उत्कुष्ट संसाधन है। अतः कामर्शियल पोल्ट्री ब्रीडस का प्रजनन कार्य्र इस क्षेत्र में कार्यरत निजी संस्थाओं द्वारा किया जायेगा।

4.6.2 घरेलू कुक्कुट पालन हेतु स्थानीय देशी ब्रीड के कुक्कुटों में चयनित प्रजनन Setective Breeding किया जायेगा और देश की अन्य उत्तम कुक्कुट प्रजातियों यथा–पंजाब ब्राउन शुद्व असील या उनकी संकर नस्लों से स्थानीय अवर्गीकृत देशी कुक्कुटों का संकरण करके उनका नस्ल सुधार किया जायेगा।

4.6.3 कुक्कुट पालको को स्वरोजगार हेतु कायलर चूजो के उत्पादन एंव वितरण की व्यवस्था की जायेगी।

5. **नीति का कियान्वयन :–**

5.1 पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि कार्य हेतु स्वस्थ एवं हष्ट पुष्ट बैलों की आपूर्ति के लिए स्थानीय अवर्गीकृत गोंवशीय पशुओं में से उनकी गुणवत्ता के आधार पर नर–मादा का चयन करके Setective Breeding की जायेगी।

5.2 गौ वंशीय महिषवंशीय पशुओं के प्रजनन हेतु पशु प्रजनन नीति के अनुसार उत्तम नस्ल के Pedigreed/Progeny Tested सांडों का फ्रीजन सीमेन तथा सांडो का उपयोग किया जायेगा।

5.3 राज्य के मैदानी क्षेत्रों के लिए 1000 एवं पर्वतीय क्षेत्रों के लिए 750 प्रजनन योग्य पशुओं पर एक कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र/प्राइवेट ए.आई.कार्यकर्ता उपलब्ध कराया जायेगा जिससे वर्ष 2015 तक संगठित पशु प्रजनन कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त प्रजनन योग्य पशुओं को कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा पशुपालक के द्वार पर उपलब्ध कराई जायेगी।

5.4 पशुपालकों को उत्तम पशुओं के उत्पादन हेतु प्रजनन चिकित्सा टीकाकरण डिवर्मिंग चारा उत्पादन आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ– साथ निकृष्ट सांडों/मेढों/बकरों/का बधियाकरण किया जायेगा।

5.5 उत्तम दुधारू पशुओं को फील्ड परफोर्मेन्स रिकार्डिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत पंजीकृत करके पशुपालकों को उनके क्रय–विक्रय में सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी जिससे उन्हे अपने पशु का समुचित मूल्य मिल सकें।

5.6 पशुधन से सम्बन्धित आंकडों के रख–रखाव एवं उनका अभिलेखीकरण प्रक्रिया के अन्तर्गत गोवंशीय/महिषवंशीय पशुओं की प्रोजनी टेस्टिंग करके जनहित में उनकी सायर डायरेक्ट्री तैयार करवाई जोयगी।

5.7 गाय एवं भैस की स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण हेतु उनके गुणवत्ता वाले सांडों का चयन करके अतिहिमीकृत वीर्य का उत्पादन किया जायेगा जिससे कृत्रिम गर्भाधान तकनीक द्वारा स्थानीय नस्ल का उन्नयन किया जा सकें।

5.8 क्रासबेड भेडो की Upgrading हेतु मैरीनो एवं रैम्बुले नस्ल के शुद्व वंशीय मेढे उपलब्ध/वितरित कराये जायेगें जिससे ऊन की गुणवत्ता में सुधार हो सकें।

5.9 शुद्व स्थानीय नस्ल की भेडो हेतु उन्नत गुणवत्ता वाले मेडों का चयन करके प्रजनन हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

5.10 बकरियों हेतु स्थानीय प्रजाति के ही उत्तम गुणवत्ता वाले बकरों का चयन करके प्रजनन हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

5.11 शशक के प्रजनन हेतु उत्तम गुणवत्ता वाले नर अंगोरा जर्मन शशकों का चयन करके प्रजनन हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

5.12 सूकरों के प्रजनन हेतु उत्तम गुणवत्ता वाले नर याक शायर/लार्ज व्हाइट याक शायर उपलब्ध कराये जायेगें।

5.13 खच्चर उत्पादन हेतु स्थानीय घाडियों के नैसर्गिक अभिजनन हेतु उत्तम गुणवत्ता वाले Donkey Stalion अथवा कृत्रिम गर्भाधान हेतु उत्तम गुणवत्ता वाले Donkey Stalion का अतिहिमीकृत वीर्य उपलब्ध करवाया जायेगा।

5.14 याक पशुओं हेतु उत्तम गुणवत्ता के याक सांडो की आपूर्ति करके उनके प्रजनन की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

5.15 कामर्शियल हाइब्रिड पोल्ट्री का प्रजनन कार्य इस क्षेत्र में कार्यरत निजी संस्थाओं द्वारा किया जायेगा।

5.16 घरेलू कुक्कुट पालन हेतु स्थानीय अवर्गीकृत (Non Descript) देशी ब्रीड के कुक्कुटों में चयनित प्रजनन Setective Breeding किया जायेगा ओर देश की अन्य उत्तम कुक्कुट प्रजातियों यथा–पंजाब ब्राउन शुद्व असील या उनकी संकर नस्लों की केन्द्रीय संस्थानों एवं अन्य राज्यों से आपूर्ति करके उनका उत्पादन किया जायेगा और नस्ल सुधार हेतु कुक्कुट पालकों में उनका वितरण किया जायेगा।

5.17 स्वरोजगार हेतु कायलर चूजो के उत्पादन एवं वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

5.18 सहकारिताओ स्वैच्छिक संगठनों नस्ल सुधार समितियों तथा कृषकों/पशुपालको को उत्पादन क्षमता में सुधार हेतु सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा तथा पशुधन विकास से सम्बन्धित अनुसंधान प्रयोगशालाओं प्रशिक्षण संस्थानों एंव मानव संसाधन विकास केन्द्रों की स्थापना पर बल दिया जायेगा।

5.19 प्रइवेट सेक्टर तथा गैरसरकारी संगठनों को आवश्यक निवेशो तथा सेवाए प्रदान करने के लिए राज्य द्वारा प्रोत्साहित किया जायेगां।

5.20 विभागीय अवस्थापना यथा–पशुचिकित्सालयों नैदानिक उत्पादन इकाईयों वीर्य उत्पादन केन्द्रों कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों गौशालाओं पशुधन तथा कुक्कुट प्रजनन प्रक्षेत्रों और प्रदर्शन इकाईयों के प्रभावी उपयोग के लिये इनका पुर्नसुदृढीकरण/आधुनिकीकरण किया जायेगा और पशुधन सेक्टर मे प्रसार सम्बन्धी अवस्थापना में भी मौलिक सुधार किया जायेगा।

संख्या–79/XV–1/1(49)/2007

प्रेषक,

अमरेन्द्र सिन्हा,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

उप निदेशक,
केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान
पशुलोक, ऋषिकेश,
उत्तराखण्ड।

पशुपालन अनुभाग–1 देहरादून : दिनांक 06 फरवरी, 2008

विषय :– पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र, पशुलोक में व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु डेरी यूनिट की स्थापना।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपर निदेशक, पशुपालन के पत्र संख्या–1237/नि0/डेयरी यूनिट/2007–08 दिनांक 27 दिसम्बर, 2007 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय अयोजनागत पक्ष के अर्न्तगत चालू वत्तीय वर्ष 2007–08 में पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशिक्षण केन्द्र, पशुलोक में व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु डेरी यूनिट की स्थापना योजनार्न्तगत गठित आगणनों के सापेक्ष टी0ए0सी0 द्वारा अनुमोदित रूपया 49.28 लाख (रूपया उनपचास लाख अठाईस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन व्यय हेतु आपके निर्वतन पर प्रादिष्ठ किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :–

(2) आगणन में उल्लिखित दरों का विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों को जो दरे शिड्यूल ऑफ रेट में स्वीकृत नहीं है अथवा बाजार भाव से ली गई है की स्वीकृति में नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता का अनुमोदन आवश्यक होगा। तदोपरान्त ही आगणन की स्वीकृति मान्य होगी।

(3) कार्य कराने से पूर्व विस्तृत आगणन/मानचित्र गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त करनी होगी, बिना प्राविधिक स्वीकृति के कार्य प्रारम्भ न किया जाय।

(4) कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितना कि स्वीकृत नार्म है, स्वीकृत नार्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाय।

(5) एक मुश्त प्राविधान में कार्य करने से पूर्व विस्तृत आगणन गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(6) कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकतायें तकनीकी दृष्टि से मध्य नजर एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टियों के अनुरूप ही कार्य कर सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित करें।

(7) कार्य कराने से पूर्व स्थल की भली–भांति निरीक्षण उच्चाधिकारियों एवं भुगर्ववेत्ता के साथ अवश्यक करा लें एवं निरीक्षण के पश्चात स्थल आवश्यकतानुसार निर्देशों तथा निरीक्षण टिप्पणी के अनुरूप ही कार्य जाय।

(8) आगणन में जिन मदों हेतु जो राशि स्वीकृत की गई है उसी मद पर व्यय किया जाय तथा एक मद की राशि दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जाय।

(9) निर्माण सामग्री को प्रयोग में लाने से पूर्व किसी प्रयोग शाला से टैस्टिंग करा ली जाय तथा उपयुक्त पाई जाने वाली सामग्री को प्रयोग में लाया जाय।

(10) जी0पी0डब्ल्यू0 फार्म–9 की शर्तों के अनुसार निर्माण इकाई को कार्य सम्पादित करना होगा तथा समय से कार्य पूर्ण न करने पर 10 प्रतिशत की दर से आगणन की कुल लागत का निर्माण इकाइ से दण्ड वसूल किया जायेगा।

(11) स्वीकृत निर्माण कार्यों को तत्काल प्रारम्भ किया जाय ताकि आगणनों की पुनरीक्षित करने की आवश्यकता न पड़े, निर्माण कार्य विलम्ब से प्रारम्भ करने के परिणामस्वरूप लागत में वृद्धि होती है, तो शासन स्तर से आगणनों को पुनरीक्षित नहीं किया जायेगा। निर्माण कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति नियमित रूप से शासन को उपलब्ध करायी जाय।

3— स्वीकृत धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2007—08 के अनुदान संख्या—28 के

लेखाशीर्षक—2403—पशुपालन—00—आयोजनागत—102 पशु तथा भैंस विकास—06—पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशिक्षण

केन्द्र, पशुलोक में व्यवहारिक प्रशिक्षण हेतु डेरी यूनिट की स्थापना—42—अन्य व्यय के अर्न्तगत वहन किया जायेगा।

4— यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या—502(P)/XXVII/2007 दिनांक 01 फरवरी, 2008

के क्रम में उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक—उपरोक्तानुसार

भवदीय
(अमरेन्द्र सिन्हा)
सचिव

संख्या—79(1)/XV—1/2007—तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हतु प्रेषित :—

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त को प्रमुख सचिव एवं आयुक्त महोदय के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
3. महालेखाकार, उत्तराखण्ड,सहारपुर रोड़ देहरादून।
4. जिलाधिकारी देहरादून।
5. अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, के पत्र संख्या—1237/नि0/डेयरी यूनिट 2007—08 दिनांक 27 दिसम्बर, 2007 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
6. वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी देहरादून।
7. मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग, उत्तराखण्ड।
8. बजट राजकोषीय, नियोजन व संसाधन निदेशालय, सचिवालय, देहरादून।
9. निदेशक, ,एन0आई0सी0 देहरादून।
10. वित्त अनुभाग—4/नियोजन अनुभाग।
11. मीडिया सेन्टर, उत्तराखण्ड सचिवालय।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(जी0बी0 ओली)
संयुक्त सचिव।

कार्यालय अपर निदेशक, पशुपालन विभाग (उत्तराखण्ड), गोपेश्वर–चमोली।

संख्या–1937 / नि0–5 / भ0नि0रा0सै0 (मीरा बेन) / 2008–09 दिनांक 30 सितम्बर, 2008

सेवा में,

उप निदेशक,

केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान,

पशुलोक–ऋषिकेश देहरादून।

विषय :– वित्तीय वर्ष 2008–09 के आय व्ययक में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष राज्य सैक्टर चालू योजनान्तर्गत धनराशि अवमुक्त किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–489 / ग्ट–1 / 1(17) / 2008, दिनांक 24 सितम्बर, 2008 (छाया प्रति संलग्न) द्वारा पशुलोक की विभागीय भूमि एम्स को हस्तान्तरित होने के कारण वहां पर व्यवस्थित मीरा बेन अतिथि गृह को अन्यत्र विभागीय भूमि पर नवनिर्माण हेतु रू0 58.29 लाख (रूपया पिचासी लाख उनतीस हजार) मात्र की धनराशि इस कार्यालय को अवमुक्त की गयी है। इस धनराशि को व्यय करने हेतु आपको आवंटित किया जाता है।

धनराशि का व्यय शासनादेश में उल्लिखित शर्तों एव ंप्रतिबन्धों का अनुपालन करते हुए किया जाय, तथा संबन्धित निर्माण, एजेन्सी से तुरन्त कार्य प्रारम्भ करवाकर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें तथा शासन द्वारा निर्धारित रूपपत्रों में प्रत्येक माह वित्तीय / भौतिक सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

ठस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2008–09 के आय–व्ययक में लेखाशीर्षक–4403–पशुपालन पर पॅूजीगत परिव्यय–00–101–पशु चिकित्सा संबंधी सेवाये तथा पशु स्वास्थ्य–09–पशुपालन विभाग में राज्य सैक्टर योजनान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य–24–बृहद निर्माण के अंतर्गत वहन किया जायेगा।

भवदीय

(वी0पी0सिंह)
अपर निदेशक।

संख्या / नि0–5 / भ0नि0रा0सै0(मीरा बेन) / 2008–09 दिनांकित–

उक्त शासनादेश की प्रतिलिपि सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषितः–

1. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
2. लेखा शाखा / पशुधन शाखा मुख्यालय।
3. उप निदेशक, पशुपालन विभाग पौड़ी।
4. महालेखाकार, उत्तराखण्ड देहरादून।
5. सचिव, उत्तराखण्ड शासन पशुधन अनुभाग, सचिवालय–देहरादून।
6. गार्ड फाईल।

संलग्न–उक्तानुसार।

(वी0पी0सिंह)
अपर निदेशक।

उत्तराखण्ड शासन
पशुपालन अनुभाग–1
संख्या–374 / XV–1 / 10 / 2(43) / 06
देहरादूनः दिनांक 23 फरवरी, 2010

कार्यालय–ज्ञाप

कार्यालय ज्ञाप संख्या–286 / XV–1 / 10 / 2(43) / 06 दिनांक 16 फरवरी, 2010 द्वारा उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग में उपाध्यक्ष के पद पर नामित श्री यतीश्वरानन्द गिरी को गोपन (मंत्री परिषद) अनुभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या–26 / 1 / XXI / 2009 दिनांक 23 अक्टूबर, 2009 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या–26 / 1 / XXI / 2009 दिनांक 01 दिसम्बर, 2009 द्वारा अनुमन्य सुविधायें देय होंगी।

(विनोद फोनिया)
सचिव

संख्या–374(1) / XV–1 / 2010 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हतु प्रेषित :–

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी को मा0 मुख्यमंत्री जी के अवालोकनार्थ।
2. निजी सचिव, समस्त मा0 मंत्रिगण / राज्यमंत्रिगण।
3. निजी सचिव समस्त मा0 सभा सचिव, उत्तराखण्ड।
4. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव उत्तराखण्ड शासन।
5. महालेखाकार, उत्तराखण्ड।
6. संबन्धित महानुभाव।
7. अपर सचिव, गोपन उत्तराखण्ड शासन।
8. निदेशक, कोषागार, उत्तराखण्ड।
9. पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड।
10. समस्त मण्डलायुक्त / जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
11. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
12. निदेशक, पशुपालन उत्तराखण्ड देहरादून।
13. उप निदेशक, पशुपालन कुमायूँ / गढ़वाल मण्डल।
14. समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उत्तराखण्ड।
15. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(एस0के0 पन्त)
अनु सचिव

उत्तराखण्ड शासन
गोपन (मंत्रिपरिषद) अनुभाग
संख्या–26/1/XXI/2009
देहरादूनः दिनांक 23 फरवरी, 2010

कार्यालय–ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि विभिन्न विभागों/निगमों/परिषदों/ आयोगों/समितियों /अभिकरणों/एजेन्सियों आदि में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सलाहकार आदि के पदों पर शासन द्वारा नियुक्त गैर सरकारी महानुभावों को निम्नलिखित वेतन/भत्ते एवं सुविधायें अनुमन्य होंगीः–

1. प्रतिमाह मानदेय रूपये 10,000/–(निश्चित)
2. पदीय कर्तव्यों के निर्वहन हेतु संविदा पर ड्राईवर सहित एक स्टाफ कार परन्तु पेट्रोल 150 लीटर प्रतिमाह की सीमा रहेगी।
3. कार्यालय एवं आवास पर एक–एक टेलीफोन।
4. वैयक्तिक सहायक–एक (नियत वेतन रू0 6000/–)
5. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–एक (विभाग द्वारा)
6. पदीय दायित्वों के लिए राज्य के अन्दर रेल यात्रा करने पर उपलब्ध उच्चतम श्रेणी में एक वर्थ।
7. पदीय दायित्वों के लिये राज्य के अन्दर वायुयान द्वारा यात्रा करने पर इकोनोमी श्रेणी में एक सीट।
8. दैनिक भत्ता–शासन के प्रमुख सचिव के अनुरूप।
9. एक गनर सुविधा।
10. राज्य सरकार के चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा परिचर्या और उपचार के हकदार।
11. आवासीय सुविधा या रू0 7500/– प्रतिमाह।
12. पदीय कर्तव्यों के पालन में राज्य के अन्दर की गयी यात्राओं में शासन के प्रमुख सचिव के अनुरूप सर्किट हाऊस व अन्य सरकारी निरीक्षण भवनों में ठहरने की सुविधा।

2. उक्त सुविधाओं पर होने वाला व्यय उस विभाग या निगम/आयोग/परिषद आदि द्वारा वहन किया जायेगा, जिसमें सम्बन्धित महानुभाव नियुक्त हों।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 संख्या–380 NP /XXVII (5)/2009 दिनांक 23 अक्टूबर, 2009 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें है।

(इन्दु कुमार पाण्डे)
मुख्य सचिव।

संख्या–26/1/XXI/2009 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी।
2. निजी सचिव, समस्त मा0 मंत्रिगण/राज्यमंत्रिगण।
3. अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
5. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
6. महालेखाकार उत्तराखण्ड।
7. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
8. निदेशक, कोषागार, उत्तराखण्ड।
9. एन0आई0सी0 सचिवालय परिसर देहरादून।
10. गार्ड फाईल।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
अपर सचिव